तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रतन भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 मई 2025

10 रेल की सवारी के लिए 2 माह का और इंतजार, स्टेशन में शेड का काम बाकी



12 अगर रहना है चुस्त-दुरुस्त व निरोगी तो नियमित करें योगाभ्यास : शंकर लाल यदु








## खबर संक्षेप

### राजिम में समाधान शिविर आज

**राजिम।** नगर पंचायत राजिम के मंगल भवन में आज गुरूवार 22 मई को सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया है। यह जानकारी देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने बताया कि 8 अप्रेल से 11 अप्रेल तक आम जनता से प्राप्त आवेदन का निराकरण अफसरो द्वारा किया जाएगा। जिसमें उपस्थित होकर आवेदन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### पीएम आवास योजना, 3 जपं सीईओ को नोटिस

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रभावी क्रियान्वयन और पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने को लेकर कलेक्टर बी. एस. उइके लगातार समीक्षा कर रहे हैं। इस क्रम में उन्होंने लापरवाही और उदासीनता बरतने वाले तीन जनपद पंचायत सीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जनपद पंचायत देवभोग के सीईओ रवि सोनवानी को प्रधानमंत्री आवास योजना की गंभीरता से निगरानी नहीं करने और बोगस जीओ टैगिंग के प्रकरण सामने आने पर कार्य में लापरवाही के लिए नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत छुरा के सीईओ सतीश चन्द्रवंशी को पीएम आवास योजना 2.0 के सर्वेक्षण के दौरान मॉनिटरिंग में कमी और ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में अवैध वसूली की शिकायतों को लेकर नोटिस दिया गया है। जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सीईओ स्वप्निल ध्रुव को कूटरचित एवं अस्पष्ट प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आरोप में नोटिस दिया गया है। ग्राम पंचायत बरभाठा के सचिव चेमन साहू और रोजगार सहायक हेमंत निषाद द्वारा जॉब कार्ड में कूटरचना कर अन्य व्यक्तियों के नाम पर आवास स्वीकृत किए जाने की शिकायत की जांच उन्हीं से कराई गई थी। लेकिन उन्होंने आधी-अधूरी और अस्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिससे समय पर शिकायत का निराकरण नहीं हो सका। इसके अतिरिक्त, उन्होंने दोषियों पर ठोस कार्रवाई के बजाय केवल स्थानांतरण का प्रस्ताव दिया, जो वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना मानी गई है।

2 वर्षों से सड़क की धूल के गुबार से यात्री परेशान

# नवापारा-अभनपुर मार्ग से हरियाली गायब वहीं डेढ़ किलोमीटर तक खोद दी गई है सड़क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

गत वर्ष नवापारा से अभनपुर तक 17 किलोमीटर तक का मार्ग का निर्माण किया गया है। नवनिर्मित मार्ग को बनाने के लिए हजारों पेड़ की आहुति देनी पड़ी। किंतु मार्ग बनने के जिस सुविधा की अपेक्षा यात्री एवं वाहन चालक कर रहे थे। उस सुविधा से लोग अब भी वंचित है।

- रोज गिरते है दुपहिया वाहन चालक, जिम्मेदार मौन

बता दे कि नवापारा अभनपुर के पुराने मार्ग का सफर बहुत ही खुशनुमा होता था। मार्ग के दोनों ओर घने छायादार वृक्षों पर पीले गुलमोहर के फूल सफर की थकान मिटा देती थी। किंतु अब रोड का चौड़ीकरण अवश्य हुआ है। किंतु कई जगह रोड अब भी अधूरा है। टोल नाका के नाम पर 1500 मीटर मार्ग पर गिट्टी डालकर रखा गया है। डेढ़ किलोमीटर का कच्चा एवं जर्जर रोड बाकी 15 किलोमीटर के समतल रोड पर भारी पड़ता है। 2 वर्षों से खोदे गए मार्ग में बड़े बड़े गिट्टे, धूल का गुबार दुर्घटना का कारण बनते है। रोज हजारों आम खास एवं वीवीआईपी इस मार्ग से गुजरते है किंतु जर्जर मार्ग की सुध लेना वाला कोई नहीं है।



### हजारों पेड़ काटे, अब पेड़ो का नामों निशान तक नहीं

नवापारा से अभनपुर तक मार्ग बनाने के लिए हजारों छायादार पेड़ काटे गए। जिससे अभनपुर तक का सफर वीरान लगने लगा है। काटे हुए पेड़ के बदले नए पेड़ लगाने की अब तक कोई तैयारी नहीं है। न ही मार्ग के किनारे फेंसिंग एवं न ही गढ्ढे खोदे गए है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मई के अंतिम सप्ताह में मानसून आने की संभावना है। लिहाजा संबंधित विभाग द्वारा वृक्षारोपण की कोई तैयारी नहीं दिख रही है। जिससे लगता है कि आगामी वर्ष भी यात्रियों को कड़ी धूप सहकर यात्रा करनी पड़ेगी। कछुआ गति से मार्ग का निर्माण एवं हरियाली गायब होने से वाहन चालक एवं यात्री नाराज है।

### 4 किलोमीटर डिवाइडर पर एक भी पौधे नहीं, मार्ग पर नुकीली गिट्टी एवं रेत का ढेर

नवापारा से कुर्रा तक 4 किलोमीटर का फोरलेन बनाया गया है। बीच डिवाइडर पर पौधे लगाए भी गए। किंतु रखरखाव के अभाव में सभी पौधे मर गए। अब डिवाइडर वीरान है। डिवाइडर पर विद्युत पोल लगाने का काम 3 माह से चल रहा है। जो खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके चलते पूरे 4 किलोमीटर मार्ग पर गिट्टी एवं रेत के ढेर दुर्घटना का कारण बन रहे है। बिखरी हुई नुकीली गिट्टी से वाहनों के टायर पंचर हो जाते है। मार्गो में वाहन घसीटते हुए लोगों को देखा जा सकता है। नगरवासी 4 किलोमीटर डिवाइडर पर हरियाली देखने की आस में टकटकी लगाए इंतजार कर रहे है।

# विकासखण्ड समन्वयक एवं सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही पर कलेक्टर बी.एस उइके ने संज्ञान लेते हुए बड़ी कार्यवाही की है। पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत देवभोग क्षेत्र में बोगस जीओ टैगिंग करने के प्राप्त शिकायत पर कलेक्टर के निर्देशानुसार तीन आवास मित्रों को हटाने की कार्यवाही की गई है। साथ ही विकासखण्ड समन्वयक एवं झाखरपारा के ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत दहीगांव के आवास मित्र श्री भूवनलाल नागेश, ग्राम पंचायत झाखरपारा के आवास मित्र श्री प्रदीप एवं श्रीमती पूर्णिमा का तत्काल प्रभाव से सेवा समाप्त कर दिया गया है। साथ ही विकासखण्ड समन्वयक जनपद पंचायत देवभोग श्री विकास कुमार द्विवेदी एवं ग्राम पंचायत झाखरपारा के सचिव श्री अर्जुन नायक को दो दिन के भीतर जिला पंचायत सीईओ के समक्ष स्पष्टीकरण देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

- पीएम आवास में बोगस जीओ टैगिंग की शिकायत पर कलेक्टर ने तीन आवास मित्रों को हटाया

उल्लेखनीय है कि बोखस जीओ टैगिंग के संबंध में प्राप्त शिकायत की जांच जिला स्तर जांच समिति द्वारा किया गया। जांच समिति द्वारा ग्राम पंचायत पुरनापानी, झाखरपारा एवं दहीगांव के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र, हितग्राही एवं ग्रामीणों का कथन लिया गया। साथ ही आवासों का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। भौतिक स्थिति एवं संबंधितों द्वारा जिओ टैगिंग के संबंध में प्रशासन को सौंपे गये रिपोर्ट में भिन्नता पाई गई। उक्त कृत्य को गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता मानते हुए संबंधितों पर कार्यवाही की गई।

# युवा कांग्रेस ने रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि, पहलगाम हमले के शहीदों और राजीव गांधी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद



जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में युवा कांग्रेस के नेतृत्व में श्रद्धांजलि स्वरूप रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दो भावनात्मक अवसरों— पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि और हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए आम नागरिकों की स्मृति को समर्पित रहा।

- दो भावनात्मक अवसरों को समर्पित रहा गरियाबंद का यह सेवाभावी कार्यक्रम

इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवाओं, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। रक्त संग्रहण विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में किया गया, जिसे ज़रूरतमंदों की सेवा हेतु समर्पित किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य न केवल श्रद्धांजलि अर्पित करना था, बल्कि समाज में सेवा और समर्पण की भावना को भी बढ़ावा देना रहा। युवा कांग्रेस ने इस आयोजन के माध्यम से संदेश दिया कि भारत की युवा शक्ति हर परिस्थिति में देशहित में तत्पर है।



**शिविर में प्रमुख रूप से ये रहे उपस्थित :** जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गौरव मिश्रा, बिंद्रानवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, राजिम विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश साहू, पूर्व प्रदेश सचिव अमित मिरी, मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष सोहन नागेश, नवीन साहू, सूरज यादव, नंदू गोस्वामी, सतीश पटेल, खेमेश्वर पटेल, खम्मन पटेल, देवनारायण पूनम साहू, नीलमणि यादव, असलम खान, सुनील साहू, पंकज सिन्हा, डोमन तारक, पुष्कर साहू, अर्ध साहनी, नीरज वर्मा, जितेंद्र पटेल, विधा सागर, निर्मल, देवेंद्र पटेल, राजकुमार ध्रुव, यश कुमार, पप्पू साहू, कालीचरण पिंजरा, तरुण पटेल सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जून 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जून से 30 जून तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर




कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____________ मो.नं. ____________
पिता का नाम ____________ जन्मतिथि ____________
स्थान ____________ जिला ____________
एजेंसी का नाम ____________
एजेंसी का पता ____________ मो.नं. ____________

नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि
ग्राहक प्रति
जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____________ मो.नं. ____________
पिता का नाम ____________ जन्मतिथि ____________
स्थान ____________ जिला ____________
एजेंसी का नाम ____________
एजेंसी का पता ____________ मो.नं. ____________

आजादी के 76 साल बाद भी नहीं बन पाई है सड़क

# मैनपुर के पहाड़ी इलाकों के ग्रामीणों की जान बचाने के लिए आज भी कांवर एम्बुलेंस ही सहारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल पहाडी क्षेत्रे में बसे ग्रामों में आजादी के 76 वर्षो पश्चात भी सड़क का निर्माण नहीं होने से हजारो आदिवासियों को बेहद परेशानियो का सामना करना पड रहा है और तो और गांव तक संजीवनी एक्सप्रेस,महतारी एक्सप्रेस और शव वाहन भी नही पहुच पाने से ग्रामीण कांवर और खाट एम्बुलेस के सहारे मरीजो को अस्पताल तक पहुचाते है यहा स्थिति वर्षो से बनी हुई है।

- मरीजों और शव को ले जाने करते है ग्रामीण चारपाही व कांवर का इस्तमाल



मैनपुर से 18 कि.मी. दूर कुल्हाड़ीघाट और उसके आश्रित ग्राम जो कुल्हाड़ीघाट से लगभग 10 किलोमीटर दूर पहाड़ी और घने जंगलों के बीच बसा भालूडिग्गी में मंगलवार बीती रात एक युवक सर्पदंश का शिकार हो गया। घटना उस समय की है जब गांव का निवासी गोपी राम नेताम (30 वर्ष) अपने घर से शौच के लिए बाहर गया था। उसी दौरान अचानक उसके दाहिने पैर में एक जहरीले सांप ने काट लिया, जिससे वह तत्काल बेहोश हो गया। परिजनों ने जैसे ही युवक को बेहोश देखा, उन्होंने तुरंत लकड़ियों और कपड़ों के सहारे एक कांवर एम्बूलेंस डोला तैयार किया और उसे लेकर लगभग 10 किलोमीटर की कठिन पहाड़ी और जंगली रास्तों से पैदल यात्र कर आज बुधवार सुबह कुल्हाड़ीघाट तक पहुंचे। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। युवक को तत्काल उपचार के लिए कुल्हाड़ीघाट से मैनपुर तक वनविभाग द्वारा एम्बूलेंस के माध्यम से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि अब वह खतरे से बाहर है। सर्पदंश की गंभीरता को देखते हुए समय पर अस्पताल पहुंचाना उसके जीवन ▸▸| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### मनरेगा कर्मचारियों ने किया कार्यालयीन काम का बहिष्कार

**छुरा।** सुशासन तिहार समाधान शिविर 20 मई को जनपद पंचायत फिंगेश्वर में पदस्थ संकाय सदस्य अभयप्रकाश साहू, द्वारा जनपद पंचायत फिंगेश्वर में कार्यरत मनरेगा अधिकारी एवं सभी कर्मचारियों के साथ अपशब्द कहकर दुर्व्यवहार किया गया,उपरोक्तानुसार मनरेगा अधिकारी एवं कर्मचारियों के समर्थन में जब तक संकाय सदस्य अभयप्रकाश साहू के ऊपर उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही नही किया जावेगा तक हम सभी मनरेगा कर्मचारी कार्यालयीन काम बंद करते है। प्रमुख रुप से रमेश कंवर परियोजना अधि. (मनरेगा),सुनील कुमार, डालेश्वरी निर्मलकर, सोनम यदु, नुमेश कुमार, तुलसीराम, चित्ररेखा साहू, पवनकुमार धुव जांगडे, विनयवर्मा, प्रियेश वर्मा, दिव्या साहु ,नेहा टंडन, ज्योति साहु, वत्सला ध्रुव हैं।

### ड्यूटी में लापरवाही के कारण सहायक शिक्षक राहुल बैपारी निलंबित

**महासमुंद।** विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सरायपाली से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला गहनाखार में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) राहुल बैपारी के विरुद्ध लगे आरोप जांच में सही पाए गए हैं। सहायक शिक्षक बैपारी पर विद्यालय समय पर उपस्थित नहीं रहने, शाला में अनियमित रूप से आने तथा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप थे। जांच में यह पुष्टि हुई कि शिक्षक की कार्यप्रणाली छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विरुद्ध है। इस संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें पूर्व में स्पष्टीकरण के लिए नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु इसके बावजूद उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं देखा गया। जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद विजय कुमार लहरे ने प्राप्त तथ्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत राहुल बैपारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सरायपाली निर्धारित किया गया है। नियमों के तहत निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

### समस्याओं का समाधान कर रहे नपाध्यक्ष

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू वार्डों का सतत भ्रमण कर नागरिकों की समस्याएं सुन रहे हैं। वार्ड क्रमांक 4,17 तथा 18 का भ्रमण कर पेयजल, सफाई, मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। वार्ड क्रमांक 4 में नयापारा के ऊपरी इलाके से पहुंच रही गंदा पानी फैलने की जानकारी नागरिकों ने उन्हें दी, जिस पर तत्काल कर्मचारियों को पानी निकासी की व्यवस्था बनाने निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों की मांगों व समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सभापति ज्योति रिंकू चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, पार्षद राहुल आवड़े आदि उपस्थित थे।



# महिलाओं ने निकाली सिंदूर यात्रा

## पूरा देश भारती सेना के पराक्रम को नमन करती है एवं हमेशा भारतीय सेना के साथ खड़ी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद के नेतृत्व में सिंदूर यात्रा निकाली गई। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने कहा कि पाकिस्तान के द्वारा हुए कायराना हरकत का मुंह तोड़ जवाब भारती सेना ने दिया, पूरा देश भारती सेना के पराक्रम को नमन करती है एवं हमेशा भारतीय सेना के साथ खड़ी है। इस अवसर पर वेदिका वासनिक, संतोषी साहू, मीना चंद्राकर,दुलम बाई,सुनीता चंद्राकर, देश बाई, बिजलानी यादव, संतोषी रामटेके, ललिता पटेल, मोनिका देवांगन, सरिता यादव, आराधना यादव, स्वर्णलता उपाध्याय, भारती सिन्हा, रेवती पटेल, सरोज कंवर, बिसाहिन निर्मलकर, टिकेश्वरी साहू, नंदेश बाई,दुर्गा सोनी, नंदेश ध्रुव, टंकेश्वरी ध्रुव, समाजसेवीं शीतल ध्रुव के साथ नगर पंचायत के कर्मचारी,विभिन्न स्व सहायता समूह की महिलाएं शामिल थीं।

### स्टेशन मास्टर एवं कर्मचारी की नियुक्ति, इंदिरा मार्केट से जोड़ी जा रही पक्की सड़क

# रेल की सवारी के लिए 2 माह का और इंतजार, स्टेशन में शेड का काम बाकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

क्षेत्रवासियों को रेल सफर के लिए 2 माह का और इंतजार करना होगा। हालांकि काम पूर्णता की ओर अग्रसर है। ट्रैक, सिग्नल एवं इलेक्ट्रिक केबल का काम पूरा हो चुका है। ड्रेन एवं ड्रेनेज पाइप का थोड़ा काम बचा हुआ है। मानिकचौरी में रेलवे स्टेशन का काम भी पूर्ण हो चुका है। अंतिम चरण की डेटिंग पेंटिंग का काम चल रहा है।

ट्रैक पर रेल का ट्रायल भी किया जा चुका है। स्टेशन में स्टेशन मास्टर एवं कर्मचारी की नियुक्ति भी हो गई है। बनाए गए शेड की ऊंचाई कम होने के कारण शेड को उखाड़कर पुनः बनाया जा रहा है। रेलवे के प्रोजेक्ट मैनेजर विनय सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगामी 2 माह में रेलवे का पूरा काम पूरा हो जाएगा। तत्पश्चात रायपुर-अभनपुर-राजिम रूट पर रेल चलने लगेगी।





#### इंदिरा मार्केट से 30 फीट की पक्की सड़क

रेलवे द्वारा स्टेशन में आवागमन के लिए 2 मुख्य मार्ग होंगे। जिसमें पहला मार्ग रेलवे स्टेशन के सामने से रेलवे फ्लाईओवर को पार करके रेलवे स्टेशन तक पहुंचा जा सकता है। वही दूसरा 30 फीट का मार्ग रेलवे स्टेशन के ठीक पीछे बनाया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए मार्ग को इंदिरा मार्केट में सीमेंटेड वॉल के बाजू से जोड़ा जाएगा। इंदिरा मार्केट से यह मार्ग सीधे रेलवे स्टेशन होते बढ़ाईपारा स्कूल की ओर निकलेगी। बढ़ाई पारा से मस्जिद तक पक्का मार्ग बनकर तैयार है। 30 फीट चौड़े मार्ग के लिए कुछ मकानों के अतिक्रमण को तोड़ा गया है। इस मार्ग के बनने से नगरवासियों को राजिम जाने के लिए एक अतिरिक्त मार्ग मिल जाएगा। जिससे आवागमन एवं इंदिरा मार्केट पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा।

# पितईबंद के पंचों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**राजिम।** रेत उत्खनन को रोकने के मामले में राजिम से लगे पितईबंद के पंच परमेश्वर बुधवार को राजिम एसडीएम के पास पहुंचे और ज्ञापन दिया।

ग्राम पंचायत के लेटर पेड में बनाए गए ज्ञापन में सरपंच गोदावरी बंजारे, सहदेव बंजारे, प्रभा बंजारे, रूचि यदु, शांति यदु, लक्ष्मी निषाद, बसंती, रामधीन, डुकेश कुमार, तुलसी राम,जगदीश,दानेश यदु के हस्ताक्षर है। इन्होंने एसडीएम राजिम को ज्ञापन देते हुए लिखा है कि पितईबंद के महानदी में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन कार्य किया जा रहा है। जिसे हम जनप्रतिनिधि सरपंच,पंचो द्वारा मना किए जाने के बाद भी बंद नही किया जा रहा है जिसे शासन को राजस्व की हानि हो रही है। परिवहन से कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकता है। जलस्तर नीचे जा रहा है इसलिए न्यायहित में इस पर रोक लगाया जाना आवश्यक है।

# कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी को दी श्रद्धांजलि



**नवापारा-राजिम।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गुलाब गार्डन के सामने राजीव गांधी चौक में नवापारा के कांग्रेसजन अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किए। आज उनके पुण्यतिथि को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में देश एकजुटता के साथ आतंकवाद का मुकाबला करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, पार्षद अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, फागुराम देवांगन, टिकेश गिलहरे, अजय साहू ,महामंत्री राजा चावला ,ब्लॉक उपाध्यक्ष राकेश सोनकर ,निर्माण यादव ,पूर्व उपाध्यक्ष चतुर जगत ,घनश्याम साहू ,बीरबल राजपूत ,डॉ रामकुमार शर्मा सहित कांग्रेस जन शामिल हुए।

## बदलते मौसम से लोग परेशान



**मैनपुर।** इन दिनो मौसम का मिजाज एकदम बदल सा गया है तेज धुप और दोपहर के बाद बदली शाम होते ही हल्की बारिश फिर दूसरे दिन सुबह तेज धुप उमस से जन जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है इसका सेहद पर विपरीत असर देखने को मिल रहा है।

# राजमहल प्रांगण में मनाई गई राजीव गांधी की पुण्यतिथि



**छुरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा द्वारा संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती राजमहल प्रांगण में मनाई गई, कांग्रेस कमेटी से प्रमुख प्रवक्त रमेश शर्मा ने राजीव गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला, उन्होंने कहा कि राजीव गांधी संचार क्रांति के जनक थे, आज जो एचएम आधुनिक सुविधा का लाभ ले रहें हैं सब उन्हीं की देन है, राजीव जी दूरदर्शी थे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान रिजवी, यशपेंद्र शाह, प्रदेश सचिव नियाज़ अहमद, रमेश शर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान, छुरा नगर के पार्षद, हरीश यादव, सलीम मेमन, देवसिंह नेताम, पंच राम टंडन, शांतनु देवांगन, यामीन खान, राजू यादव, एमएसयूआई के जिला अध्यक्ष रितेश दीक्षित, युवा कांग्रेस नेता अफजल खान, अखिल चौबे, शैलेन्द्र दीक्षित एवं पूर्व पार्षद अवधेश प्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेसी ईस्माइल मेमन शामिल थे।

# आज और कल जिले में 6 स्थानों पर लगेगा समाधान शिविर

**महासमुंद।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत जिले में समाधान शिविर 30 मई तक आयोजित होगा। जिले में कुल 49 समाधान शिविर का आयोजन किया जाना हैं। अब तक 33 समाधान शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिसमें नगरीय निकाय में 06 एवं जनपद पंचायत अंतर्गत 27 शिविर आयोजित हुआ है। इसी क्रम में 22 मई को एक स्थान पर सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत जोगनीपाली माध्यमिक शाला में शिविर का आयोजन होगा तथा 23 मई को 05 स्थानों पर शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें नगर पालिका परिषद सरायपाली कार्यालय परिसर, पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बुन्देली पूर्व माध्यमिक शाला भवन, बसना विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भूकेल स्वामी आत्मानंद स्कूल, बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बोडरीदादर एवं महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत झलप हाई स्कूल में शिविर आयोजित किया जाएगा।

# बागबाहरा में निकाली गई विशाल तिरंगा यात्रा

**बागबाहरा।** बागबाहरा नगर एवं खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी गांव के नागरिकों ने मंगलवार की शाम 5:30 बजे दुर्गा मंदिर प्रांगण से भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम एवं ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। कार्यक्रम में नरेश चंद्राकर, दुर्गा वस्त्रकार, विनोद यादव, सुरेश मोहंती, पाषर्दगण प्रेम साहू, लोकेश्वर चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण बागबाहरा रूपेश साहू, राजेश बागानी, विश्वनाथ पाणिग्रही, मदन देवांगन, मोतीलाल पुजारा, नंद कुमार निर्मलकर, सुभाष वर्मा, यशवंत जिंदल, कृष्ण चंद्राकर, प्रहलाद मानिकपुरी, अखिलेश मिश्रा, नरेंद्र पटेल, मनीष अवसरिया, शालिनी देशपांडे, विद्या प्रसाद चंद्राकर, जितेंद्र साहू, संतोष सोनवानी, परमानंद चंद्राकर, राजेश नायक, गोवर्धन पटेल, महेश वैष्णव, देव पटेल कौशल साहू, नितेश पांडे, गिरीश चक्रधारी, सत्येंद्र सिंह अनिल सिंह, भावेश तिवारी, अशोक दीप, भीष्म चक्रधारी, देवानंद शर्मा, मातृशक्तियों में प्रमुख खुशबू चक्रधारी, कुमारी साहू, धनेश्वरी साहू, परी पटेल, पिंकी प्रधान, निशा यादव, गीता पटेल, आस्था पांडे, सुमन पांडे आदि शामिल हुए।

# घोंच का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना शोपीस, ताले में जकड़ी स्वास्थ्य सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

जिले के पिथौरा विकासखंड के ग्राम घोंच में लाखों रुपए की लागत से तैयार हुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों के लिए केवल शोपीस बनकर रह गया है। 6 माह पहले इसके औपचारिक उद्घाटन के बावजूद यहां ताला लटक रहा है। इसके चलते ग्रामीणों को इलाज के लिए पिथौरा या महंगे निजी अस्पतालों की शरण लेनी पड़ रही है। भवन तैयार है, बोर्ड लगे हैं, परिसर की दीवारें रंगी-पुती हैं। लेकिन सेवाओं पर ताला जड़ा हुआ है।

गौरतलब है कि यह अस्पताल करीब 6 माह पूर्व औपचारिक रूप से उद्घाटित भी किया गया था। नेताओं ने फीता काटकर इसे शुरू करने की घोषणा की, लेकिन हकीकत यह है कि उद्घाटन के बाद से ही यहां न डॉक्टर हैं, न स्टाफ और न ही कोई बुनियादी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है। उद्घाटन केवल एक



राजनीतिक औपचारिकता बनकर रह गया, जिससे ग्रामीणों के बीच गहरी नाराजगी है। घोंच पंचायत और आसपास के 20 से अधिक गांवों के हजारों लोग इस स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा का इंतजार कर रहे हैं।

#### स्टाफ की कमी

यहाँ के लिए एक डॉक्टर की स्वीकृति मिली है, लेकिन अन्य स्टाफ की कमी के कारण अस्पताल चालू नहीं हो पा रहा है।

— डॉ बीबी कोसरिया
खण्ड चिकित्सा अधिकारी, पिथौरा

- 8 महीने से बंद पड़ा अस्पताल, जिम्मेदारों की चुप्पी से बढ़ी ग्रामीणों की पीड़ा

#### सुविधाएं नहीं मिलीं

ग्राम घोंच में पहले उपस्वास्थ्य केंद्र संचालित था, जिसे बढ़ाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन किया गया। भवन निर्माण पूरा हो चुका है और परिसर भी तैयार है। मगर स्वास्थ्यकर्मियों की भारी कमी के चलते अब तक यह अस्पताल शुरू नहीं हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक यहां डॉक्टर, नर्स और अन्य स्टाफ की स्थायी तैनाती नहीं होगी, तब तक अस्पताल केवल दिखावे का ही बना रहेगा।

#### ग्रामीणों की मांग

अब ग्रामीणों की एक ही मांग है कि सरकार इस दिशा में तत्काल कार्रवाई करे और सभी स्वीकृत पदों पर नियुक्ति कर इस अस्पताल को सक्रिय रूप से शुरू करवाए, ताकि लोगों को उनके ही गांव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके और उन्हें इलाज के लिए भटकना न पड़े।



# शहर में कांग्रेसियों ने निकाली संविधान बचाओ रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार और महासमुंद कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष डॉक्टर रश्मि चंद्राकर के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा भारतीय संविधान को कमजोर करने का जो प्रयास किया जा रहा है एवं बार-बार सांसद एवं सांसद के बाहर बीजेपी के नेताओं द्वारा संविधान उल्लंघन किया जा रहा है और भाजपा के नेता व मंत्री जो बयानबाजी कर रहे हैं कि भारत के संविधान को बदलना है उन सभी नेताओं के खिलाफ कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा भारतीय संविधान को मजबूती प्रदान करने के लिए संविधान बचाओ रैली का आयोजन गांधी कांग्रेस भवन से भारत के संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर समापन किया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि संविधान को लागू करने वाले लोग ही संविधान को अच्छा या बुरा का निर्धारण करेंगे, जो विधायिका, कार्यपालिका और न्याय पालिका को चलाने वाले लोग ही संविधान की गरिमा को बना सकते हैं या बिगाड़ सकते हैं। आज बीजेपी के मंत्री वा नेता लोग खुलेआम संविधान के खिलाफ बयानबाजी कर संविधान को कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं, जो कि बर्दाश्त के काबिल नहीं है।

## पेज 9 का शेष

### मैनपुर में पहाड़ी इलाकों...

के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ। युवक के पिता दशरथ नेताम ने बताया कि रात को बेटे के शौच के लिए बाहर निकलते ही सांप ने पैर पर हमला कर दिया था। गांव में तत्काल चिकित्सा सुविधा नहीं होने के कारण उसे कंधे पर ढोकर लाना पड़ा। यह इलाका अत्यधिक दुर्गम और वनवासी क्षेत्र है, जहां संचार और परिवहन की भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। वन विभाग ने मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए तत्काल युवक के परिवार को 1000 रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह क्षेत्र जंगली जानवरों और विषैले जीवों से भरा हुआ है, लेकिन स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण ऐसी घटनाएं जानलेवा बन सकती हैं।

विकासखंड के दुरस्थ वनांचल खासकर पहाडी के उपर बसे ग्राम भालूडिग्गी, ताराझर, मटाल, कुरूवापानी, ढढईपानी, अमली, जैसे दर्जनों आदिवासी कमार ग्राम है जंहा अब तक सडक का निर्माण नही किया जा सका है। जिसके कारण इन ग्रामों मे निवास करने वाले लोग यदि बीमार पड जाते है। घटना और दुर्घटनाओं के साथ गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक पहुचाने के लिए ग्रामीण कांवर और चारपाही का उपयोग करते है चारपाही में मरीजो को लाद कर अस्पताल तक पहुचाया जाता है। वहीं अंदरूनीं बीहड जंगल इलाके से किसी शव को अस्पताल तक लाना हो तब भी इस चारपाही को शव वाहन के रूप में देखा गया है क्योंकि पहाडी के उपर बसे होने के कारण गांवों तक आजादी के इतने वर्षो बाद भी सडक का निर्माण नही किया जा सका है जिसके कारण कोई वाहन इनं गावों मे नही पहुच पाती यहा के निवासी राशन सामग्री के लिए मिलो पैदल दुरी तय करते है और तो और राशन सामग्री ले जाने के लिए घोडे पाले हूए है घोडे के सहारे गांव तक राशन सामग्री पहुचाई जाती है ग्रामीणो द्वारा लम्बे समय से सडक निर्माण की मांग किया जा रहा है लेकिन पहाडी क्षेत्र होने का हवाला देकर अब तक सडक निर्माण नही हो पाया है। आज भी इस आदिवासी क्षेत्र के हजारो लोगो को पुल पुलिया व सडक की अभाव में मरीजो को अस्पताल तक पहुचाने में चारपाही एम्बुलेंस और कांवर एम्बुलेंस ही मदद्गार शाबित हो रहा है ।

**क्या कहते है अधिकारी :** विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ गजेद्र ध्रुव ने बताया कि विकासखण्ड के दुरस्थ पहाडी क्षेत्रे के गांव पहुच विहीन है यहा सडक और पुल पुलिया नही होने के कारण एम्बुलेंस वाहन नही पहुच पाती ग्रामीण इसी तरह कांवर और खाट के सहारे मरीजो को नीचे गांव तक पैदल लाते है फिर वहां से एम्बूलेंस के सहारे अस्पताल पहुंचाया जाता है। श्री धुव ने बताया पहाड़ी क्षेत्र के गांवो में पर्याप्त दवा गा भण्डारन बारिश से पहले कर देते है।

**डॉ गजेन्द्र ध्रुव** विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी मैनपुर

ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट के सरपंच बनसिह सोरी ने बताया उनके पंचायत के पहाडी के उपर बसे आधा दर्जन से ज्यादा गांव में सडक नही होने के कारण मरीजो को पहाडी से नीचे तक कांवर और खाट के सहारे लाया जाता है ।

**बनसिंह सोरी** सरपंच ग्राम पंचायत कुल्हाडीघाट

**खबर संक्षेप**

### ध्रुवागुड़ी क्षेत्र में 4 जगहों पर लगेंगी सोलर हाई मास्क लाइट

**मैनपुर।** जनपद पंचायत मैनपुर अन्तर्गत ध्रुर्वागुड़ी जनपद सदस्य किशोर मांझी के प्रयास से 04 स्थानो पर सोलर हाई मास्क लाईट लगाने की स्वीकृति मिली है जिससे ग्रामीणों ने हर्श जताते हुए जनपद सदस्य के प्रति अभार व्यक्त किया है। नव निर्वाचित जनपद सदस्य किशोर मांझी लगातार अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रहे है उन्होने छत्तीसढ़ शासन से 4 स्थानो पर सोलर लाईट लगाने का मांग किया था जनपद सदस्य किशोर मांझी के मांग पर 4 स्थानो में सोलर लाईट लगाने के लिए 24 लाख की स्वीकृति मिल चूकी है जनपद सदस्य किशोर मांझी ने बताया उन्होने सोलर लाईट लगाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ शासन को मांग पत्र सौपा था जिसके तहत ध्रुर्वागुडत्री सप्ताहिक बाजार चौक में खोखमा बस्ती में, फोकटपार बस्ती एवं सिंहारलाटी बस्ती में सोलर लाईट हाई मास्क लाईट लगाने के लिए 6–6 लाख रूपये कुल 24 लाख की स्वीकृति मिल चूकी है।



**इन्होंने जताया आभार :** वहीं दूसरी ओर जनपद सदस्य के इस प्रयास के लिए सरपंच प्रेमशीला, रूपचंद नेताम, ओंकार पर्वते, मुरलीधर, नैना बाई, फिरोजा बानो, रीना देवी गुप्ता,कार्तिक नागेश, सुशीला बाई, गंगोत्री नागेश, राजमती मांझी, कुंवर सिंह पुजारी, नाभो राम झाकर, प्रताप सिंह साण्डिल, खेल सिंह यादव, जबर सिंह, प्रेम शंकर यादव एवं ग्रामीणों ने हर्श व्यक्त करते हुए अभार जताया है।

### 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के एक प्रकरण में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवभोग तहसील के ग्राम लदरा निवासी 17 वर्षीय दिव्या ध्रुव की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन नारायण ध्रुवा को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### ट्रैफिक की समस्या ने लिया विकराल रूप, बनी रहती है दुर्घटना की आशंका

# राजिम शहर में संकरी सड़कें, गाड़ियां खड़ी, हर पल बना रहता है जाम का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

कहने को तो राजिम शहर को गरियाबंद जिले का सबसे बड़ा शहर का दर्जा प्राप्त है परंतु यहां अव्यवस्था इस कदर है कि कब किसका दुर्घटना हो जाए कुछ कहा नही जा सकता। जाम तो हर पल लगता है।

सड़को पे लावारिश मवेशियां ऊपर से सड़क के हर तरफ गाड़ियां ही गाड़ियां और सड़कें कम चौड़ी लिहाजा जाम हो ना स्वाभाविक है और दुर्घटना भी। महानदी पुल से लेकर पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक और इस चौक से लेकर हर मार्ग की हालत बद से बदतर रहता है। गरियाबंद मार्ग की बात करे तो साई मंदिर से आगे एक किलोमीटर तक जाम का हालात रहेगा। ईधर महासमुंद मार्ग की बात करे तो मंडी से आगे तक साइड मिलना नही है क्योंकि सड़क सकरा है। ऊपर से तुर्रा यह कि व्यावसायिक लोग अपना सामान सड़क पर फैलाकर रखते है। यहां गाड़ी चालको की मनमानी जगजाहिर है। सबसे पहले तो दो किलोमीटर तक चौड़ीकरण किए जाने की आवश्यकता है तब कही जाम और दुर्घटना से छुटकारा मिल पाएगा।

- व्यवसायियों द्वारा सड़क पर कब्जा, चालक भी लापरवाह

हालांकि यहां के विधायक रोहित साहू और नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव अच्छी सोच रखकर शहर में समुचित विकास करने की इच्छा रखे हुए है। इसमें शहर के नागरिको और दुकानदारो तथा वाहन चालको और संचालको का सहयोग बेहद जरूरी है। इस पर शहर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और समाजसेवियो का कहना है कि अब समय आ गया है बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए एक ठोस कार्ययोजना बनाई जाए और उसे सख्ती से लागू की जाए।

#### समुचित विकास के लिए प्रतिबद्ध



राजिम शहर के समुचित विकास के लिए वे प्रतिबद्ध है। कार्ययोजना बनाकर यहां का विकास किया जाएगा। सड़क चौड़ीकरण भी होगा और जो भी आवश्यक व्यवस्थाएं होंगी जरूरत के हिसाब से सब पूरी की जाएगी। कहा कि सड़क चौड़ीकरण होने पर जाम की नौबत ऐसी खत्म हो जाएगी इसके साथ ही ट्रैफिक की समस्या भी हल होगी।
विधायक रोहित साहू

#### वाहनों की नियमित हो चेकिंग



राजिम की पहचान धर्मनगरी एवं प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में है। यहां सड़क के किनारे खड़े, बड़े वाहनों को हटाने के लिए कार्य किए जा रहे है। रोड किनारे खड़े वाहन दुर्घटना का कारण बनते है। कई वाहन बस स्टैंड एवं मार्गो के किनारे बेवजह घंटो खड़े रहते है। ऐसे वाहनों के लिए नगर सीमा के बाहर पार्किंग स्थल बनाने की आवश्यकता है। यातायात विभाग द्वारा जनजागरूकता शिविर, वाहनों की नियमित चेकिंग, तेज गति से चलने वाले वाहनों पर कार्यवाही से आए दिन होने वाली दुर्घटना पर अंकुश लगेगा। यातायात नियमों का पालन करना हम सब की नैतिक जवाबदारी है।

#### नैतिक जिम्मेदारियों को समझने की जरूरत



शहर के वरिष्ठ नोटरी/अधिवक्ता आशीष शिंदे ने कहा कि अनपढ़ की बात छोड़िए तथाकथित पढ़े-लिखे लोगो में भी ट्रैफिक के नियमों और सड़क पर वाहन कैसे चलाया जाता है इसकी जानकारी का अभाव है। बिगड़ती यातायात समस्या को दुरुस्त करना हो तो केवल वाहन चालकों को ही नहीं सड़क पर पैदल चलने वालों को भी सजग होना होगा। सड़क सुरक्षा के लिए आम नागरिकों को ही सामने आना होगा। केवल पुलिस के भरोसे सुधार नहीं हो सकता। हमे भी नैतिक जिम्मेदारियों को समझने की अपनाने की जरूरत है।

#### ट्रैफिक व्यवस्था की स्थिति दयनीय



कांग्रेस के वरिष्ठ नेत्री पदमा दुबे ने कहा कि राजिम की ट्रैफिक व्यवस्था बहुत ही दयनीय स्थिति में है। पंडित सुन्दरलाल शर्मा चौक जो कि राजिम का हृदय स्थल है दिन भर भारी भीड़ रहती है उस हिसाब से चौक में कोई ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था नहीं है दिन भर रेत से भरे हाइवा दौड़ती रहती है बच्चे स्कूल जाते है मरीज अस्पताल जाते है किसान मंडी और बैंक आते है आए दिन हो रहे दुर्घटना का कारण भी ट्रैफिक व्यवस्था का दुरुस्त न होना है मेरा सुझाव यह है कि रेत गाड़ियो को दिन में अनुमति नहीं दी जानी चाहिए इसका समय निर्धारित करे।

#### ड्रिंक एंड ड्राइव के कारण होते हैं कई हादसे



समाजसेविका प्रीति पांडे ने कहा कि आधे से ज्यादा दुर्घटना तो ड्रिंक एंड ड्राइव के कारण होता है। अतएव ऐसे लोगो के ऊपर पुलिस सख्ती के साथ कार्रवाई करे। ट्रैफिक नियमो का कड़ाई से पालन कराई जाए। पुलिस कड़क हो तो सभी लोग कायदे से चलेंगे और दुर्घटना नही हो पाएगी। सड़क जाम की जो स्थिति बनती है उसे पुलिस के जवान ठीक करा सकते है बशर्ते पुलिस के जवान पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक जो महत्वपूर्ण चौक है यहां खड़ा रहना जरूरी है।
प्रीति पांडे

#### ट्रैफिक एक बड़ी समस्या बनकर उभरी



मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण के चलते बीते कई वर्षों से राजिम में ट्रैफिक एक बड़ी समस्या बनकर उभरी है। राजिम महानदी पुल से लेकर गरियाबंद रोड एवं फिंगेश्वर रोड तक बड़ी संख्या में भारी वाहन सहित यात्री वाहनों का भीड़ लगा रहता है। राजिम महानदी पुल से लेकर गरियाबंद रोड चौबेबांधा मार्ग मोड़ एवं फिंगेश्वर रोड के कोमा तक फोरलेन सड़क निर्माण की शीघ्र आवश्यकता है। प्रदेश में भाजपा की सरकार सड़क निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। राजिम में जल्द चौड़ी सड़कों का निर्माण होगा।
रिकेश साहू

#### सड़क सुरक्षा के लिए होना पड़ेगा जागरूक



पटेल समाज के जिला अध्यक्ष सोमनाथ पटेल ने कहा कि नगर में ट्रैफिक और रफ्तार मे चलती गाड़ियों को व्यवस्थित करना बहुत जरूरी है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। ट्रैफिक को बेहतर बनाना सड़कों का विस्तार और सुधार करना बहुत जरूरी है। साथ ही लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक होना पड़ेगा। गाड़ियों की रफ्तार को नियंत्रित करने के लिए गति सीमा का पालन कराना, ड्राइविंग करते समय खुद को सतर्क रखना, नशे की हालत में गाड़ी चलाने वालो के ऊपर कार्रवाई बहुत जरूरी है। शहर में ट्रैफिक पुलिस का होना बहुत जरूरी है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था दुरूस्त हो।

**नवापारा में बिगड़ैल ट्रैफिक और निरंतर हो रही घटना-दुर्घटना को लेकर शहर के जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार नागरिक कहते है कि एक ठोस कार्ययोजना बनाई जाए और उसे सख्ती के साथ लागू की जाए।**

#### अंधाधुंध गति और कर्कस ध्वनि वाले वाहन बनते हैं दुर्घटना के कारण



शहर के युवा व्यवसायी मंगराज सोनकर ने कहा कि जिम्मेदारों के मौन के चलते निरंतर दुर्घटना हो रही है। रेत से भरे हाइवा गाड़ियों को दिन में नगर के समीप तर्री रोड, सोमवारी बाजार पुल के आसपास मेन रोड में खड़ा किया जा रहा है जो कि अनुचित है इससे समस्याएं बढ़ रही है। कहा कि नगर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मालवाहक गाड़ियों को रोड में और डिवाइडर के क्रॉसिंग में खड़ा करना, अंधाधुंध तेज गति और कर्कस ध्वनि वाले वाहन दुर्घटना के कारण बनते है।
मंगराज सोनकर का पीपी साइज फोटो

#### व्यवस्थित तरीके से लगाएं, लोग अपनी दुकानें



शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेंद्र गदिया ने कहा कि हमारे पूरे नगर की बसाहट मुख्य रूप से तीन सड़को पर है एक गंज रोड, दूसरा सदर रोड और तीसरा रायपुर-राजिम-गरियाबंद -महासमुंद रोड। यहाँ का पूरा व्यापार गंज रोड और सदर रोड पर टीका है। लोग अपनी दुकानें व्यवस्थित लगाएं। दोनों ही सड़को पर छोटे-छोटे ब्रेकर बने। मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक कंट्रोल की शासकीय व्यवस्था रहे। वाहन चालक यदि शहर के अंदर 20 से अधिक स्पीड में वाहन चलाते हैं तो उन पर चालानी कार्यवाही भी करे। डॉ गदिया ने कहा कि नगर के हर गली में सांड है यही नगर की पहचान है।
डॉ राजेंद्र गदिया

#### नो एंट्री का कड़ाई से हो पालन



शहर के जागरूक युवा ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि सर्वप्रथम प्रतिबंधित मार्ग पर नो एंट्री का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए एवं बस स्टैंड चौक पर ट्रैफिक पुलिस की 24 घंटे तैनाती सुनिश्चित की जानी चाहिए। व्यापारी बंधुओं को पार्किंग की व्यवस्था करनी चाहिए जिससे बिगड़ैल ट्रैफिक एवं रफ़्तार में सुधार आ सकता है।
ज्ञानेश शर्मा

#### सड़क के ऊपर वाहन खड़े करने से होती है समस्या



नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष मो शफीक भाई ने कहा कि गंज रोड में स्टेट बैंक के सामने और रोड डिवाइडर के बीच लोग सड़क के ऊपर वाहन खड़े कर देते है जिससे आने जाने वालों को परेशानी उठानी पड़ती है बैंक को चाहिए कि पार्किंग व्यवस्था करें। मोटर रिपेरिंग से लेकर लोगो को अपनी गाड़ियां मुख्य मार्ग में रखने की मजबूरी हो जाती है।
मो शफीक भाई

#### प्रेशर हार्न और सायरन की पात्रता हो खत्म



शहर के वरिष्ठ समाजसेवी भागचंद बंगानी ने कहा कि जिन्हें प्रेशर हार्न और सायरन लगाने की पात्रता न हो उनकी गाड़ी का चालान हर हाल में होना चाहिए। कहा कि शहर के व्यवस्ततम सड़को पर जहां भीड़ रहती हो वहां तेज रफ्तार ड्रायविंग प्रतिबंधित हो। तीन सवारी पर सख्ती से कार्रवाई हो। गाड़ियो का कागजात चेक हो।
भागचंद बंगानी

#### दुर्घटना से होती है अपूर्णीय क्षति



मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अल्तमश सिद्धीकी ने कहा कि शहर में तेज रफ्तार से चलने वाली गाड़ियों पे लगाम लगाने के लिए पुलिस प्रशासन ध्यान दे साथ ही बच्चों के माता पिता भी ध्यान दे कि वे अपने बच्चों को समझाइश दें ज्यादा रफ्तार में गाड़ी चलाने से दुर्घटना होती है जिससे अपूर्णीय क्षति हो जाती है। जहां जरूरत हो वहां स्पीड ब्रेकर बनाई जाए। कहा कि हर किसी से अनुरोध करता हूं कि शहर के भीतर कम रफ्तार में अपनी गाड़ी चलाएं।

#### नगर में सुगम नहीं है यातायात



भाजपा नेत्री योगिता सिन्हा ने कहा कि नवापारा नगर में यातायात सुगम नहीं है। प्रतिबंधित समय में रेत से भरे डंफर एवं भारी वाहनों से आम लोगों को भय रहता है। नगर के मुख्य मार्गो पर घंटों खड़े ट्रक से आवागमन बाधित होती है। रायपुर रोड में एफ सी आई के ट्रकों के लिए पार्किंग स्थान अलग से होना चाहिए। पंडित दीनदयाल चौक से राजिम पुल तक खड़ी ट्रक दुर्घटना के कारण बनते है। नगर का प्रमुख पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में ट्रैफिक सिग्नल अनिवार्य रूप से लगनी चाहिए। तीन सवारी, प्रेशर हॉर्न, तेज रफ्तार एवं इंस्टंट बाजी पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए यातायात विभाग द्वारा शिविर लगाने की आवश्यकता है।

## पीएम आवास योजना में वित्तीय अनियमितता आई सामने, मेट और रोजगार सहायक पर हुई कार्रवाई

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में आवास प्लस 2.0 सर्वे में अवैध रूप से वसूली किये जाने संबंधी सोशल मीडिया के खबर पर जांच कर कार्यवाही किया गया है। इस संबंध में वित्तीय अनियमितता में संलिप्त रोजगार सहायक श्रीमती कमलेश्वरी सिन्हा एवं मेट अमित कुमार निर्मलकर को हटा दिया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द के सरपंच चन्द्रहास बरिहा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

- सोरिदखुर्द के सरपंच को नोटिस जारी

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर बी.एस. उइके ने आवास योजना में वसूली के संबंध में प्राप्त शिकायत पर गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए मामले की त्वरित जांच के निर्देश दिये थे। साथ ही मामला सही पाये जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही भी करने के निर्देश दिये थे। इसी तारतम्य में मामले की जांच कर रोजगार सहायक एवं मेट को हटाने की कार्यवाही की गई है। साथ ही सरपंच को नोटिस दिया गया है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरा द्वारा आदेश जारी किये गये है।

इस संबंध में सीईओ छुरा सतीश चन्द्रवंशी ने बताया कि 15 मई 2025 को ग्राम पंचायत सोरिदखुर्द में शिकायतकर्ता एवं ग्रामीणों के बीच शिकायत जाँच किया गया, जिसमें रोजगार सहायक एवं मेट को वित्तीय अनियमिता, मिली-भगत कर राशि की वसूली एवं लापरवाही करने का दोषी पाया गया। जांच में पाया गया कि सर्वे हितग्राही ओमप्रकाश सिन्हा एवं विजय ध्रुव से आवास सर्वे के लिए सौ-सौ रूपये दस्तावेज एवं ऑनलाईन फोटोकापी के नाम पर मांगा गया। मेट अमित कुमार निर्मलकर उर्फ राजू द्वारा लगभग 80 सर्वे हितग्राही का सर्वे किया गया है। उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा मौखिक रूप से इनके द्वारा आवास सर्वे के नाम से राशि मांग किया जाना बताया गया। उक्त मामला सही पाये जाने पर रोजगार सहायक एवं मेट को हटाने की कार्यवाही की गई है।

## शिक्षक भर्ती की 6वीं लिस्ट की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थियों ने कैबिनेट मंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बीएड संघ के सदस्य गिरवर साहू ने बताया कि सहायक शिक्षक भर्ती के रिक्त 1316 पदों पर जल्द 6 वी लिस्ट जारी करने की मांगो को लेकर डीएड/ डिप्लोमा अभ्यर्थी 20 मई को बड़ी संख्या में रायपुर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से मिले और अपनी मांगो को रखा। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक भर्ती में बीएड अभ्यर्थियों की जगह योग्य डीएड अभ्यर्थियों की जल्द नियुक्ति किया जाए। जिसके पश्चात डीएड अभ्यर्थियों की पंचम चरण की कॉउंसलिंग प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

- सहायक शिक्षक भर्ती : रायपुर में जुटे सैकड़ों अभ्यर्थी, जल्द रिक्त 1316 पदों पर नियुक्ति की मांग



2615 अभ्यर्थियों को केवल एक अनुपात एक के क्रम में बुलाया गया। जिसमें नॉन डीएड अभ्यर्थी व अपात्र लोगो को भी बिना डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के स्कूल अलॉट कर दिया गया। जिसके कारण अभी 50% सीटे रिक्त हैं। वर्तमान में रिक्त पदों की संख्या 1316 है। पंचम चरण की कॉउंसलिंग के 2 माह पश्चात भी अब तक विभाग द्वारा इन रिक्त पदों पर 6वें चरण की लिस्ट जारी नहीं किया जा रहा है न हीं किसी प्रकार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाई जा रही है। अभ्यर्थी बार-बार विभाग जाकर थक चुके हैं। लेकिन स्पष्ट और सही जानकारी नहीं दी जा रही है। लिहाजा सहायक शिक्षक की 6वीं लिस्ट जारी करने व नियुक्ति की मांगो को लेकर कर्मचारी राजधानी रायपुर पहुंचे हैं। बताया कि 984 पद ऐसे हैं जिसमें विभाग ने आज तक किसी को नियुक्ति ही नहीं दी। अभ्यर्थियों ने 984 रिक्त पदों को छठवें चरण की काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल करते हुए जल्द 2300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ करे। जिससे पीड़ित योग्य अभ्यर्थियों को बार-बार विभाग, कोर्ट और नेता मंत्री के चक्कर लगाना न पड़े। जल्द उन्हें अपने हक अधिकार की नौकरी प्राप्त हो सके औऱ कोर्ट के आदेश का भी पालन हो सके।

## अनुकम्पा नियुक्ति के लिए अंकिता टंडन का पटवारी प्रशिक्षण के लिए चयन

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नियुक्ति हेतु गठित जिला स्तरीय चयन समिति के अनुशंसा के आधार पर जिला चिकित्सालय, पंडरी रायपुर में चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्यरत डॉ. ओम प्रकाश टंडन का शासकीय सेवा में कार्यरत रहते हुये 29 अगस्त 2022 को आकस्मिक निधन हो गया। जिस पर उनकी पत्नी अंकिता अनंत टंडन को पटवारी पद पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिये निर्धारित विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए विभिन्न शर्तों के अधीन 01 वर्ष के पटवारी प्रशिक्षण के लिए चयन किया गया है।

- 1 वर्ष का प्रशिक्षण एवं विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा अनिवार्य

कलेक्टर कार्यालय, भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार चयनित आवेदिका को प्रशिक्षण में शामिल होने के लिये आयुक्त, भू-अभिलेख से अनुमति प्राप्त होने के उपरांत 01 वर्ष का निर्धारित पटवारी प्रशिक्षण एवं विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। यह प्रशिक्षण उन्हें स्वयं के व्यय से किया जायेगा। इसके लिए कार्यालय द्वारा किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा। पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त कर विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात पटवारी पद पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पृथक से आदेश जारी किया जायेगा। चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षण में उपस्थित होने के समय जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी फिटनेस प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा होगी आज

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 22 मई 2025 गुरूवार को दो पालियों में प्रीबीएड एवं प्रीडीएलएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से 12.15 बजे तक प्रीबीएड की परीक्षा एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 से 04.15 बजे प्रीडीएलएड की परीक्षा आयोजित होगी। जिले में कुल 31 परीक्षा केन्द्रो मे परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली में प्रीबीएड की परीक्षा जिले के 18 परीक्षा केन्द्रो में आयोजित की जावेगी।

- जिले में 31 परीक्षा केन्द्रों में 10 हजार 790 परीक्षार्थी होंगे शामिल

द्वितीय पाली में प्रीडीएलएड की परीक्षा जिले के 31 परीक्षा केन्द्रो में आयोजित होगी। प्रथम पाली पूर्वान्ह में प्रीबीएड की परीक्षा के 3973 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। द्वितीय पाली अपरान्ह में प्रीडीएलएड के 6817 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 10 हजार 790 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु श्री रामसिंह सोरी डिप्टी कलेक्टर को नोडल अधिकारी एवं श्री विशाल कुमार महाराणा डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी और श्री चैतराम कोडप्पा, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो के लिए एक-एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। साथ ही नकल प्रवृत्ति रोकने हेतु तीन सदस्यो का जिला स्तरीय उड़नदस्तादल दल का भी गठन किया गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के समय 10 बजे के बाद एवं द्वितीय पाली में 2 बजे के बाद परीक्षार्थियों का प्रवेश निषेध रहेगा। परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ स्वयं के पहचान हेतु वोटर आईडी, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेस की मूल प्रति पहचान हेतु साथ लाना होगा।

### छुरा में निकली भव्य तिरंगा यात्रा, सैनिकों को किया गया सम्मानित

## शहीद परिवार के प्रति संवेदना और सम्मान सच्ची राष्ट्र भक्तिः मीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राष्ट्र भर में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक के अंतर्गत जनपद पंचायत छुरा, नगर पंचायत छुरा एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में तिरंगा यात्रा एवं सैनिक सम्मान का आयोजन मंगलवार को जनपद पंचायत के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम में अतिथि के रुप में शिवांगी चतुर्वेदी सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, मीरा ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत, लुकेश्वरी निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत छुरा कुलेश्वर सोनवानी जनपद उपाध्यक्ष, युवराज साहू सभापति जनपद पंचायत एवं जनपद सदस्य गण पंकज निर्मलकर दुलारी साहू महेंद्र ध्रुव भेसमती साहू विमला ध्रुव सुखराम ठाकुर मुंगेश्वरी ठाकुर नारायण सिन्हा पार्षदगण सलीम मेमन रजनी लहरे बलराज पटेल आदि मंचासीन हुए सर्वप्रथम भारत माता के तैल चित्र पर सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना की गई भारत माता की जय, सेना के वीर जवानों की जय,अमर शहीदों की जय के नारों का उदघोष किया गया एवं सामुहिक राष्ट्र गान गाए पश्चात अतिथियों का स्वागत आशा बरिहा भानेश्वरी यादव नागेश साहू और कमलेश के द्वारा गुलाल







अभिषेक कर किया आपरेशन सिंदूर में सेना का पराक्रम और शौर्य ने देश के हर नागरिकों को गौरवान्वित किया है इसलिए हम सेना के साथ है ।

शहीद परिवारों के लिए सम्मान सामग्री, घर जाकर सौंपी जाएगी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी (सभापति जिला पंचायत गरियाबंद) ने कहा कि हमें सेना के शौर्य और बलिदान को घर-घर तक पहुंचाना होगा। जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर ने अपने उद्बोधन में शहीद परिवारों की समस्याओं को साझा करते हुए कहा कि उन्हें पेंशन और सहायता के लिए कार्यालयों में भटकना पड़ता है, जो दुर्भाग्यजनक है। शहीदों के परिवारों के प्रति कार्यालयों को अधिक संवेदनशील होना चाहिए। इसी भावना के तहत, कार्यक्रम में उपस्थित न हो पाने वाले शहीद परिवारों के लिए सम्मान सामग्री पुलिस विभाग के सिपाहियों को सौंप दी गई, जिसे वे उनके घर जाकर प्रदान करेंगे।

नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने राष्ट्र को हर नागरिक की धड़कन में बसाने की प्रेरणा दी। जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी ने भारतीय सेना द्वारा नौ पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना करते हुए अपनी स्वरचित देशभक्ति कविता का पाठ किया। वरिष्ठ पार्षद सलीम मेमन ने "मेरे देशप्रेमियों, आपस में प्रेम करो" गीत गाकर सभा में देशभक्ति की लहर भर दी।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हीरालाल साहू ने किया, और आभार प्रदर्शन समाजसेवी शीतल ध्रुव ने किया। अंत में लेखराज ध्रुवा (कृषि विभाग) के नेतृत्व में जयघोष के साथ तिरंगा यात्रा जनपद कार्यालय से प्रारंभ की गई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

#### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराने वालों में जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष मीरा ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद, जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी, जनपद सभापति युवराज साहू, युवा जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, वरिष्ठ पार्षद सलीम मेमन, एवं अनेक जनप्रतिनिधि व पार्षदगण शामिल रहे। प्रशासनिक स्तर पर प्रभारी सीईओ आर.के. ध्रुव, एडीईओ हेमलाल कंवर, वरिष्ठ कर रोपण अधिकारी पोखनलाल साहू, एसडीओ दीपक चंद्राकर, एवं पुलिस विभाग से खुमान साहू, जयप्रकाश मिश्रा, ओमप्रकाश भारती सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अगर रहना है चुस्त-दुरुस्त व निरोगी तो नियमित करें योगाभ्यास : शंकर लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पतंजलि योग समिति गरियाबंद जिले के घर घर तक, हर जन तक योग को पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। जिले के प्रत्येक गांव में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर द्वारा लोगों को निरोग रहने का मूल मंत्र सिखाया जा रहा है। स्कूल, कॉलेज, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड, रेडक्रॉस आदि शिविरों में युवा पीढ़ी को योग रूपी सनातन संस्कृति से जोड़ने का हर सम्भव कोशिश कर रहे हैं।

जिला जेल, पुलिस बल एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी को समय समय पर योग का अभ्यास कराया जाता है। परीक्षा के समय पढाई पर मन को केन्द्रित करने, तनाव प्रबंधन एवं बेहतर मैनेजमेंट हेतु छात्र छात्राओं को ध्यान, प्राणायाम सिखाया गया। इसी कड़ी में गुरुकुल महाविद्यालय गरियाबंद द्वारा बीएड के प्रशिक्षार्थी छात्र अध्यापकों को स्वस्थ रहने की कला सिखाने हेतु महाविद्यालय परिसर में शिविर आयोजित किया गया था। एससीईआरटी के राज्य स्तरीय योग प्रशिक्षक शंकर लाल यदु, पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा योगाभ्यास कराया गया।

**योग एक है वैज्ञानिक विद्याः** इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधक धर्मेन्द्र ओझा ने कहा कि योग एक वैज्ञानिक विद्या है जिसके नियमित अभ्यास से निरोगी काया मिलती है। योग, आत्मसंयम एवं चिरस्थाई स्वस्थ रहने हेतु आवश्यक है। बीएड के विद्यार्थियो को एक अच्छा शिक्षक बनने हेतु सर्वप्रथम स्वस्थ रहने की कला सीखनी होगी। योग के सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी हेतु गरियाबंद जिले के योगरत्न अर्जुन धनंजय सिन्हा एवं शंकर लाल यदु से निवेदन किया गया। योगाचार्यों द्वारा सुंदर ढंग से योग, आयुर्वेद, यज्ञ, हवन, सुव्यवस्थित दिनचर्या का पाठ सिखाया गया। योग सतत की जाने वाली क्रिया है।

### सूक्ष्म व्यायाम का कराया अभ्यास

शिविर में शंकर लाल यदु ने अष्टांग योग की बारीकियों से अवगत कराया। यौगिक जॉगिंग, जुम्बा, एरोबिक्स, स्थूल और सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया गया। योगाचार्य शंकर लाल यदु ने योगाभ्यास कराते हुए कहा कि ग्रीष्मकाल में शरीर को विशेष देखरेख की आवश्यकता होती है। पानी की कमी, तेज धूप से बचाव हेतु शीतली, शितकारी प्राणायाम लाभकारी है।




### सूर्य नमस्कार से बढ़ती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

छत्तीसगढ़ योग आयोग के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर योगविद् अर्जुन धनंजय सिन्हा ने योग, यज्ञ की महत्ता समझाते हुए कहा कि अपने व्यस्त समय में से थोड़ा सा समय निकालकर प्राणायाम करने से तनावमुक्त रह सकते हैं। परीक्षा के समय में रोजाना सुबह उठकर हवादार जगह में आसन बिछाकर सुखासन, पद्मासन या सिद्धासन में बैठ जाएं और प्राणायाम करें। कपालभाति को तीन से पांच मिनट तक अवश्य करें जिससे हाजमा दुरुस्त होगा और पेट ठीक रहेगा। मंत्रों के साथ सूर्य नमस्कार कराते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है। यह शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखेगा, बीमारियों से भी बचाएगा। भावी राष्ट्रनिर्माताओं को षट्कर्म, शरीर शुद्धिकरण सिखाया गया। शिविर में प्रोफेसर लोकेश मार्कण्डेय, राहुल साहू, कल्पना ध्रुव, टोनी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में छात्राध्यापकों ने आनंद के साथ योगाभ्यास का लाभ उठाया। विविध प्रकार के ताली वादन से माहौल खुशनुमा बना रहा।

## खबर संक्षेप

### भाजपा मंडल कार्यकारिणी घोषित, प्रकाश सोनी बने गरियाबंद मंडल के मंत्री

**गरियाबंद।** भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने प्रदेश नेतृत्व एवं ज़िला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर की सहमति से गरियाबंद मंडल कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस कार्यकारिणी में समाजसेवी प्रकाश सोनी को भाजपा गरियाबंद मंडल का मंत्री नियुक्त किया गया है। प्रकाश सोनी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के पूर्व ज़िला संयोजक रह चुके हैं। वे श्री रामराज युवा संगठन (स्थानीय) के अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं और नगर के धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। छात्र जीवन में वे लंबे समय तक छात्र राजनीति से जुड़े रहे हैं। इस दौरान उन्होंने एबीवीपी के नगर मंत्री, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, ज़िला सहसंयोजक और ज़िला संयोजक जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। छात्र संघ चुनावों में उन्होंने कई बार सफलता हासिल की और उनके कार्यकाल में गरियाबंद ज़िले से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में सहसचिव पद पर प्रतिनिधित्व का अवसर मिला। छात्र जीवन में उन्होंने रचनात्मक कार्यों, छात्र हित में आंदोलनों, जागरूकता अभियानों और छात्र सम्मान कार्यक्रमों का आयोजन किया। उनकी सक्रियता, नेतृत्व क्षमता और संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए उन्हें भाजपा मंडल की मुख्य टीम में स्थान दिया गया है।



### जंगल-पहाड़ियों के बीच निकली रैली, बल्दीबाई के परिवार को किया गया विशेष रूप से सम्मानित

# कंप्यूटर एवं संचार क्रांति में राजीव गांधी के योगदान को कभी नहीं भुला जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किमी दूर घने जंगल और पहाड़ियों के बीच बसा हुआ राजीव गोद ग्राम कुल्हाड़ीघाट मे आज बुधवार को राजीव गांधी पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा श्रध्दांजलि सभा का आयोजन किया गया और दोपहर 1 बजे तेज धूप मे रैली निकाली गई।

जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष भावसिंह साहू, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदू यादव एवं कुल्हाड़ीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी सहित सैकड़ो की संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता और आदिवासी कमार जनजाति के ग्रामीण राजीव गांधी के प्रतिमा का पूजा अर्चना कर दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि अर्पित किया पश्चात कुल्हाड़ीघाट के गलियों मे रैली निकाली गई जिसमें पूरे ग्रामवासी शामिल हुए।

■ कुल्हाड़ीघाट में स्व. राजीव गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

इस दौरान एक सभा का आयोजन किया गया इस दौरान कमार जनजाति परिवार के लोगो को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा साल श्रीफल देकर सम्मान किया गया आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष भावसिंह साहू ने कहा राजीव जी देश के प्रथम युवा प्रधानमंत्री के रूप मे जाने जाते है उन्होने अपने कार्यकाल मे देश मे कम्प्युटर लाकर संचार क्रांति की शुरूआत की और देश मे 18 साल के उम्र वाले युवाओं को मताधिकार प्रयोग करने का अधिकार दिया हमेशा युवा सोच के साथ देश के विकास के लिए उन्होने जो कार्य किया है उसे कभी भुलाया नही जा सकता है।



### स्व. बल्दीबाई के परिजनो का किया गया सम्मान

कुल्हाड़ीघाट मे जब सन 1985 को देश के प्रधानमंत्री राजीव गांधी पहुंचे थे तो उन्होने यहां विशेष पिछड़ी कमार जनजाति महिला बल्दीबाई के घर पहुचकर कंद मूल और भोजन ग्रहण किया था हालांकि अब बल्दीबाई इस दुनिया मे नही रही लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ता आज भी कुल्हाड़ीघाट मे जब भी कोई कार्यक्रम आयोजित करते है उनके परिजनो को सम्मान करने उनके घर पहुंचते है आज भी कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बल्दीबाई के परिजनो का साल श्रीफल से सम्मान किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहू, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदू यादव, छबीराम दिवान, प्रकाश कोमर्रा, हेमलाल बारले, हरिश्वर पटेल, तनवीर राजपूत, बनसिंह सोरी, लिकेश यादव, नेयाल नेताम, गज्जू नेगी, डोमार साहू, गुंजेश कपिल, दुलेन्द्र नेगी,रोहन मरकाम,सुखराम नागेश, रोहन नेताम, रतिराम नेताम, कवंल सिंह,गज्जू यादव, श्याम लाल जगत, नारायण सिंह मरकाम, रामदयाल नेताम, गंगाधर नेताम, नीलकुमार बघेल, महेश मरकाम, बरनू राम नेताम, रामलाल सोरी, धनसाय सोरी, रामधर सोरी, प्रभुचंद मरकाम, श्रीमती धनमोती सोरी, मुंगा बाई, सुनाबाई सोरी, रूपलाल, गुणधर, निलिमा नागेश, राधिका, मनीषा, जमुना बाई, फुलमती बालमोती सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदू यादव ने किया।

### 1985 में कुल्हाड़ीघाट पहुंचे थे राजीव गांधीः संजय नेताम

जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा सन् 1985 को देश के प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी जब इस छोटे से गांव कुल्हाड़ीघाट पहुंचे थे तब इस गांव मे पहुचंने के लिए पक्की सड़क नही थी और मूलभूत सुविधाएं नही था राजीव गांधी के कुल्हाड़ीघाट आने के बाद कुल्हाड़ीघाट तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया गया बिजली लगायी गई स्कूल आश्रम खोला गया कांग्रेस सरकार ने कुल्हाड़ीघाट के विकास के लिए खूब कार्य किया श्री नेताम ने आरोप लगाते हुए कहा जबसे प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनी है पक्षपात की राजनीति किया जा रहा है आदिवासी कमार जनजाति के लोगो के विकास के लिए राज्य की भाजपा और केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

# शिक्षण संस्थान में एनसीसी नहीं कैसे जागेगा देश सेवा का भाव

**नवापारा-राजिम।** किसी भी व्यक्ति के जीवन में शिक्षा एवं अनुशासन का विशेष महत्व होता है। दोनों ही चीजें छात्र जीवन में स्कूल से सीखने को मिलती है। किताबी एवं नैतिक शिक्षा नियमित अध्ययन से प्राप्त होती है। किंतु विशेष अनुशासन, एकता , टीम वर्क एवं देश सेवा की भाव जागृत करने के लिए स्कूल में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड, रेड क्रॉस जैसे महत्पूर्ण प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।

बता दे कि स्कूल जीवन में एनसीसी का विशेष महत्व है। राष्ट्रीय कैडेट कोर भारतीय सशस्त्र बलों की एक युवा शाखा है जो स्कूल और कॉलेज के छात्रों को सैन्य प्रशिक्षण एवं अन्य कौशल प्रदान करती है।

**अभनपुर विकासखंड में 3 एवं फिंगेश्वर विकासखंड में 2 शिक्षण संस्थानों में एनसीसी उपलब्ध :** अभनपुर विकासखंड के 35 शासकीय स्कूल एवं 5 महाविद्यालय में केवल 2 स्कूल एवं 1 निजी महाविद्यालय में एनसीसी की सुविधा है। अभनपुर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय हरिहर स्कूल नवापारा, शासकीय स्कूल तामासिवनी एवं सेठ फूलचंद निजी महाविद्यालय में एनसीसी की सुविधा है। फिंगेश्वर विकासखंड के 37 शासकीय स्कूल एवं 3 महाविद्यालय में केवल 1 स्कूल एवं एक महाविद्यालय में एनसीसी की सुविधा है। फिंगेश्वर विकासखंड के शासकीय राम विशाल पांडे विद्यालय एवं शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम में ही एनसीसी उपलब्ध है। गौरतलब है कि एनसीसी में तीन तरह के सर्टिफिकेट प्रदान किए जाते है। एवं प्रदान किए गए प्रमाणपत्र केन्द्र पर अग्निवीर एवं पुलिस भर्ती के अलग अलग बोनस अंक प्रदान किए जाते है। ए प्रमाणपत्र धारक अभ्यर्थी को पुलिस एवं सेना भर्ती में 5 अंक, बी प्रमाणपत्र अभ्यर्थी को 7 अंक एवं सी सर्टिफिकेट अभ्यर्थी को 10 बोनस अंक दिए जाते है। ऐसे में जब दोनों ही विकासखंड के एनसीसी की सुविधा उपलब्ध नहीं है तो छात्र अग्निवीर, सेना एवं पुलिस भर्ती में कैसे सफल होंगे?



### बेस्ट कैडेट गणतंत्र दिवस परेड के लिए होते है चयनित

एनसीसी के सर्वश्रेष्ठ कैडेट का चयन दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के लिए होता है। तात्कालिक शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय के छात्र एवं एनसीसी कैडेट रियाज खान ने बताया कि वर्ष 2004 में उनका चयन गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ था। वर्ष 2004 एवं 2005 में 48 छात्रों का चयन सेना एवं पुलिस में हुआ था। जो महाविद्यालय के लिए गौरव की बात थी। चुकी एनसीसी राष्ट्र सेवा के साथ आत्म रक्षा के लिए भी उपयोगी है। किंतु विडंबना है कि दोनों ही विकासखंड के किसी भी कन्या शाला एवं कन्या महाविद्यालय में एनसीसी की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

# सुविधाओं से दूर है छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी पंचायत कुल्हाड़ीघाट




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

14 जुलाई सन् 1985 के दिन को यादकर आज भी विशेष पिछड़ी जनजाति आदिवासी ग्राम कुल्हाड़ीघाट के बुजुर्ग ग्रामीण भावुक हो उठते है जब देश के तत्कालिन युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी अपने धर्म पत्नि के साथ इस गांव मे पहुंचे थे। राजीव गांधी के निर्देश पर इस गांव मे ग्रामीणों को खेत बनाकर भी खेती किसानी के लिए जमीन दिया गया लेकिन पथरीला ईलाका होने के कारण यहां के जमीन मे पानी नही रूकता है और यहां फसल नही होती है जिसके कारण आज भी कमार जनजाति के लोग बांस के बर्तन बनाकर उससे मिलने वाली आय से जीविकोपार्जन करते हैं।

■ राशन के लिए करना पड़ता है 35 किमी का पैदल सफर

आज भी जंगल के कंदमूल और वनोपज इनका मुख्य आय का स्त्रोत है कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत की जनसंख्या 1230 के आसपास है पूरे छत्तीसगढ़ में कुल्हाड़ीघाट क्षेत्रफल की दृष्टि मे सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है यह ग्राम पंचायत क्षेत्र लगभग 35 किमी की एरिया मे बसा हुआ है। यहां लोग हर माह राशन लेने 30—35 किमी पैदल पहाड़ी घनघोर रास्ता को पारकर घोड़ा लेकर राशन लेने कुल्हाड़ीघाट पहुंचते है इन्हे राशन चावल दाल मिटटी तेल नमक की व्यवस्था करने मे आज भी दो दिन का समय लग जाता है तब कही जाकर दो वक्त का भोजन मिल पाता है क्योंकि पहाड़ी के उपर बसे होने के कारण इन आश्रित ग्रामों मे पानी नही ठहरने के कारण फसल नही हो पाता है।

### झिरिया का पानी पीने आज भी हो रहे है मजबूर

कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी के उपर बसे ग्राम ताराझर, मटाल, कुर्वापानी, भालुडिग्गी में आजतक सरकार द्वारा पेयजल व्यवस्था के नाम पर एक हैण्डपंप भी नही लगा पायी है जिसके कारण यहां के ग्रामीण झरिया खोदकर प्यास बुझाने मजबूर होते है और झरिया के आसपास हमेशा वन्यप्राणी जंगली जीव जन्तुओं का भी डर बना रहता है इसलिए पूरे ग्रामीण एकसाथ पानी लेने झरिया पहुंचते है।

### झोपड़ी और पेड़ो के नीचे स्कूल का संचालन

आपको यह जानकर आश्चर्य होगा की पहाड़ी के उपर बसे इन ग्रामों मे बकायदा सरकार के द्वारा बच्चो को बेहतर शिक्षा देने के लिए स्कूल खोला गया है लेकिन स्कूल भवन नही है। कहीं किसी ग्रामीण के झोपड़ी या फिर पेड़ के नीचे स्कूल का संचालन किया जा रहा है और बच्चे वर्षो से ऐसे ही शिक्षा ग्रहण करते आ रहे है जिसकी जानकारी स्थानीय एवं जिला स्तर के अधिकारियों को भी है।

### क्या कहते है सरपंच

ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट के सरपंच बनसिंह सोरी ने बताया कि कुल्हाड़ीघाट पंचायत के आश्रित ग्राम ताराझर, कुर्वापानी, मटाल, भालुडिग्गी मे पहुंचे के लिए सड़क नही है बिजली स्वास्थ्य शिक्षा पेयजल की गंभीर समस्या है हर बार इन मांगो से जिले के आला अधिकारियों से लेकर प्रदेश स्तर तक के नेताओं को मांग पत्र सौंपते है आजतक मांग पूरा नही हुआ है।

### प्रधानमंत्री आवास के तहत पक्का मकान निर्माण होने से ग्रामीणों मे खुशी

केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ यहां के कमार जनजाति के प्रत्येक परिवारो को दिया जा रहा है यहां कुल्हाड़ीघाट मे इन दिनो पक्का आवास निर्माण कार्य तेज गति से किया जा रहा है कमार जनजाति के ग्रामीण बालचंद, मयाराम, दसरी बाई, फुलसिंह, आसमोतिन, जानकी बाई ने बताया प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान निर्माण का लाभ पूरे ग्रामीणों को मिल रहा है जिसके चलते ग्रामीणों मे भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

**300 श्रमिकों को रोज़गार, 10 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति**

# परसदा में मनरेगा के तहत कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम परसदा में बीते मंगलवार से नर्सरी तालाब में राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के तहत खुदाई कार्य शुरू किया गया। सरपंच ग्राम पंचायत परसदा रमेश वर्मा ने बताया कि तालाब की प्रशासकिय स्वीकृति 10 लाख का है जिसमें श्रमिकों के लिए मजदूरी मूलक कार्य 7 लाख का एवं 3 लाख इसी तालाब में पचरी निर्माण निर्मला घाट का है। मनरेगा मेट टीकू यादव ने बताया कि इस तालाब में 300 श्रमिक कार्यरत है जिसे प्रतिदिन मजदूरी मूलक कार्य मनरेगा के तहत मिल रहा हैं।

■ श्रमिकों की हाजिरी अब ऑनलाइन, निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग

मनरेगा में पहले भी गौठान में कुआं निर्माण, हाई स्कूल में कुआं निर्माण, नाला सफाई एवं पचरी निर्माण, अमृत सरोवर तालाब के पास नया तालाब निर्माण एवं पचरी निर्माण, नाली सफाई सरपंच रमेश वर्मा के नए कार्यकाल में हो रहा है। पशु शेड निर्माण, बकरी शेड निर्माण, सुअर शेड निर्माण, निजी कुआं निर्माण यह सब कार्य भी मनरेगा के तहत चल रहा हैं जिसका निरीक्षण मनरेगा सब इंजीनियर राकेश सोनी एवं रोजगार साहायिका माधुरी साहू कर रहे है। सभी श्रमिकों का मनरेगा मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत ऑनलाइन हाजिरी लिया जाता है। सभी श्रमिक 10 के ग्रुप में खड़े होकर अपना हाजिरी दिलाते हैं।



# लाटापारा समाधान शिविर में हुआ 3707 आवेदनों का निराकरण

**गरियाबंद।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत गरियाबंद जिले में जिला स्तरीय समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को विकासखंड देवभोग के ग्राम पंचायत लाटापारा में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। लाटापारा क्लस्टर के तहत सुशासन तिहार के दौरान कुल 3707 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनका 100% निराकरण कर लिया गया है। यह प्रशासन की त्वरित कार्यप्रणाली और पारदर्शिता का परिचायक है। शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने शिविर में उपस्थित लोगों को जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने ग्रामीणों से फसल चक्र परिवर्तन एवं जल-संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, एसडीएम तुलसीदास मरकाम, जनपद सीईओ रवि सोनवानी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष कश्यप ने कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिले और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो। सुशासन तिहार इसी उद्देश्य से मनाया जा रहा है, ताकि समाधान शिविरों के माध्यम से हर गांव तक पहुंचकर समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण किया जा सके। उन्होंने लोगों से शासकीय योजनाओं की जानकारी लेकर अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की।

# रसेला में मनाई पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान भारत रत्न पूर्व पीएम स्व राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस पार्टी के ब्लाक अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने भारत को एक नई गति और दिशा प्रदान की। उन्होंने अपने कार्यों और देशहित में किये फैसलों से भारत की जनता के दिलों दिमाग में अमिट छाप छोड़ी है।

■ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता लोकराम यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश में कंप्यूटर, मोबाइल, इंटरनेट, दूरसंचार क्रांति का जो युग है, वो राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच की देन हैं। कांग्रेस नेता प्रहलाद यदु ने कहा देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने न केवल जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी की राजनीति विरासत को संभाला, ब्लिक देश को तकनीकी व वैश्विक बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। युवा कांग्रेस नेता बिगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि राजीव गांधी ने अपने शासनकाल में 21 वीं सदी के भारत का जो सपना देखा था उसके लिए वे सदैव वे प्रयासरत रहे। अपने पूरे शासन काल में उन्होंने ग्रामीण विकास के लिए कई योजनाएं लागू की। राजीव गांधी ने लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक ले जाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया। इसी कड़ी में कमलेश्वर नायक ने कहा कि उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिलाने के लिए 73 वा संविधान संशोधन प्रस्तावित किया, जिससे ग्राम पंचायतों को अधिकार, उत्तरदायित्व और संसाधन मिले। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता सेवक राम साहू, डगेश्वर ओटी, रामेश्वर सिन्हा, पुनित राम ध्रुव सहित सभी कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



RAL - 1

